विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
DEPARTMENT OF
SCIENCE & TECHNOLOGY

NATIONAL MISSION ON
INTERDISCIPLINARY CYBER-PHYSICAL
SYSTEMS (NM-ICPS)

# राष्ट्रीय अंतः विषय साइबर भौतिक प्रणाली मिशन

## त्रैमासिक बुलेटिन

अप्रैल २०२५



www.nmicps.gov.in | www.dst.gov.in

# राष्ट्रीय अंत:विषय साइबर भौतिक प्रणाली मिशन (एनएम-आईसीपीएस) के बारे में

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिसंबर 2018 में 3660 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय पर पांच वर्ष की अवधि के लिए राष्ट्रीय अंत:विषय साइबर भौतिक प्रणाली मिशन (एनएम-आईसीपीएस) को मंजूरी दी थी जिसे चार वर्ष के लिए आगे बढ़ा दिया गया था तथा इसका कार्यान्वयन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा किया जाता है।

एनएम-आईसीपीएस के तहत, देश भर में विख्यात संस्थानों में 25 प्रौद्योगिकी नवोन्मेष केंद्र (टीआईएच) स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र एक सेक्शन-8 कंपनी है जो मेजबान संस्थान के भीतर एक स्वतंत्र इकाई है और इसे उन्नत प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों जैसे कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग: इंटरनेट ऑफ थिंग्स और इंटरनेट ऑफ एवरीथिंग के लिए प्रौद्योगिकियां; डेटा बैंक और डेटा सेवाएं, डेटा विश्लेषण; रोबोटिक्स और स्वायत्त प्रणालियाँ; साइबर सुरक्षा और भौतिक अवसंरचना के लिए साइबर सुरक्षा; क्वांटम प्रौद्योगिकियां आदि में एक प्रौद्योगिकी वर्टिकल सौंपा गया है।

मिशन का उद्देश्य अनुसंधान और विकास, अंतरण संबंधी अनुसंधान, उत्पाद विकास, इनक्यूबेटिंग और स्टार्ट-अप को सहायित करने के साथ-साथ वाणिज्यीकरण के लिए प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों का विकास करना है। मिशन को सभी टीआईएच द्वारा चार प्रमुख श्रेणियों के तहत गतिविधियों को अंजाम देने के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है, अर्थात्,

1. प्रौद्योगिकी विकास
2. उद्यमिता विकास
3. मानव संसाधन विकास
4. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

## मिशन के उद्देश्य:

1. साइबर-भौतिकी में प्रौद्योगिकी विकास, अंतरण संबंधी अनुसंधान और वाणिज्यीकरण।
2. भारत के विशिष्ट राष्ट्रीय/क्षेत्रीय मुद्दों का समाधान करने के लिए सीपीएस प्रौद्योगिकियों को अपनाना।
3. अगली पीढ़ी के कुशल कार्मिक को तैयार करना।
4. अंतरण संबंधी अनुसंधान को उत्प्रेरित करना।
5. सीपीएस प्रौद्योगिकियों में उद्यमिता और स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में तेजी लाना।
6. सीपीएस प्रौद्योगिकियों में उन्नत शोध और विज्ञान में उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन देना।
7. भारत को अन्य उन्नत देशों के समकक्ष लाना तथा कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करना।

एनएम-आईसीपीएस एक व्यापक मिशन है जो शिक्षा जगत, उद्योग, सरकार और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को एक साथ लाता है। इस मिशन ने एक ऐसा पारितंत्र तैयार किया है जो उद्यमशीलता को बढ़ावा देता है अगली पीढ़ी के कुशल कार्मिक को तैयार करता है, अतंरण संबंधी अनुसंधान को उत्प्रेरित करता है और सीपीएस प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण को बढ़ावा देता है। एनएम-आईसीपीएस एक महत्वाकांक्षी पहल है जिसमें स्वास्थ्य सेवा, परिवहन, शिक्षा, मौलिक अवसंरचना और रक्षा जैसे भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को बदलने की क्षमता है, उन्हें अधिक कुशल, सुरक्षित और संधारणीय बनाकर भारत को अन्य उन्नत देशों के समकक्ष लाने की क्षमता है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
DEPARTMENT OF SCIENCE & TECHNOLOGY

NATIONAL MISSION ON INTERDISCIPLINARY CYBER-PHYSICAL SYSTEMS (NM-ICPS)

## विषय वस्तु — पृष्ठ


| विषय वस्तु | पृष्ठ |
| --- | --- |
| आईआईटी पलक्कड़ टेक्नोलॉजी आईहब फाउंडेशन, आईआईटी पलक्कड़ | 01 |
| बिट्स बायोसाइटीएच फाउंडेशन, बिट्स पिलानी | 02 |
| आईआईआईटीबी कॉमेट फाउंडेशन, आईआईआईटी बैंगलोर | 03 |
| आई-हब एनटीआईएचएसी फाउंडेशन, आईआईटी कानपुर | 04 |
| आईआईटीएम प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन, आईआईटी मद्रास | 05 |
| दिव्यसम्पर्क आई-हब रुड़की फॉर डिवाइसेज मैटेरियल्स एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन, आईआईटी रुड़की | 06 |
| आईआईटी रोपड़ टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन, आईआईटी रोपड़ | 07 |
| टेक्नोलॉजी इनोवेशन इन एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग फाउंडेशन, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद | 08 |
| आईआईआईटी-एच डेटा आई-हब फाउंडेशन, आईआईआईटी हैदराबाद | 09 |
| आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन, आईआईटी भिलाई | 10 |
| आई-डीएपीटी-हब फाउंडेशन, आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी | 11 |
| टीआईएच फाउंडेशन फॉर आईओटी एंड आईओई, आईआईटी बॉम्बे | 12 |
| आई-हब फाउंडेशन फॉर कोबोटिक्स, आईआईटी दिल्ली | 13 |
| आईआईटी गुवाहाटी टेक्नोलॉजी इनोवेशन एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन, आईआईटी गुवाहाटी | 14 |
| एनएमआईसीपीएस टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब ऑन ऑटोनॉमस नेविगेशन फाउंडेशन, आईआईटी हैदराबाद | 15 |
| आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन, आईआईटी इंदौर | 16 |
| आई-हब फॉर रोबोटिक्स और ऑटोनॉमस सिस्टम इनोवेशन फाउंडेशन, आईआईएससी बैंगलोर | 17 |
| आई-हब क्वांटम टेक्नोलॉजी फाउंडेशन, आईआईएसईआर पुणे | 18 |
| आईएचयूबी दृष्टि फाउंडेशन, आईआईटी जोधपुर | 19 |
| आई-हब अनुभूति -आईआईआईटीडी फाउंडेशन, आईआईआईटी दिल्ली | 20 |
| आईआईटी तिरूपति नवाविष्कार आई-हब फाउंडेशन, आईआईटी तिरूपति | 21 |
| आईआईटी पटना विश्लेष्ण आई-हब फाउंडेशन, आईआईटी पटना | 22 |
| आईआईटी मंडी आईहब और एचसीआई फाउंडेशन, आईआईटी मंडी | 23 |

आईआईटी पलक्कड़

IIT Palakkad
Technology IHub Foundation
Driving automation for energy and safety

# आईआईटी पलक्कड़ टेक्नोलॉजी, आई-हब फाउंडेशन (आईपीटीआईएफ)

## हब विहंगावलोकन

आईआईटी पलक्कड़ टेक्नोलॉजी आईएचयूबी फाउंडेशन (आईपीटीआईएफ) इंटेलिजेंट कोलैबोरेटिव सिस्टम्स (आईसीएस) पर काम करता है और इसका उद्देश्य साइबर-भौतिकी प्रणाली के लिए सुदृढ़ आधार और निर्बाध पारितंत्र बनाना है, जो उपलब्ध राष्ट्रव्यापी क्षमता को आकृष्ट करता है और अनुसंधान नवोन्मेष, प्रौद्योगिकी और उत्पाद विकास को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञता का उपयोग करता है। आईपीटीआईएफ आईसीएस पर प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए एक विश्वसनीय मंच प्रदान करके जीवंत नवोन्मेष पारितंत्र को सक्षम करने के लिए समर्पित है जिसमें ऊर्जा और सुरक्षा डोमेन पर विशेष ध्यान दिया जाता है ताकि नवप्रवर्तक, उद्यमी और स्टार्टअप स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पारितंत्र के लिए बहुमूल्य गतिविधियों में सम्मिलित हो सकें।

## परियोजना एवं स्टार्टअप अद्यतन

टीआईएच ने स्वायत्त वाहनों के लिए एज एआई-आधारित एडीएएस के विकास को सहायित किया, जिसमें अवगम स्थानीयकरण, पथ नियोजन और गति नियंत्रण मॉड्यूल के साथ एकीकृत संरचना शामिल है। जेडईडी एसडीके और वाईओएलओवी8 के साथ एकीकृत, यह सुरक्षित स्वायत्त नेविगेशन के लिए वाहनों, पैदल यात्रियों और ट्रैफ़िक लाइटों का वास्तविक समय में पता लगाने में सक्षम बनाता है। टेंसरआरटी के साथ जेटसन ओरिन नैनो के लिए अनुकूलित, यह कम विलंबता और तुरंत प्रतिक्रिया सुनिश्चित करता है, सड़क सुरक्षा और स्मार्ट गतिशीलता को बढ़ाता है।



टीआईएच सहायित स्टार्टअप सवटोआ सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने एसएवी 1001 विकसित किया है, जो 1.5 मीटर का ड्यूल-हॉल ऑटोनॉमस सरफेस वेसल (एएसवी) है, जिसे उच्च परिशुद्धता वाले हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के लिए तैयार किया गया है। आरटीके जीपीएस, सोनार और एसएवीआई सर्वेक्षण सॉफ़्टवेयर से लैस, यह स्वायत्त मिशन निष्पादन, वास्तविक समय डेटा अधिग्रहण और उप-सेंटीमीटर सटीकता को सक्षम बनाता है। इसका ट्विन-थ्रस्टर प्रणोदन और टिकाऊ एफआरपी पतवार विश्वसनीय, स्वचालित सर्वेक्षणों में सहयोग करता है, जैसा कि चित्तिकारा खदान में सफल तैनाती में प्रदर्शित किया गया है। उन्नत मानचित्रण, समूह समन्वय और कुशल डेटा संग्रह के साथ, एसएवी 1001 अंतर्देशीय जल सर्वेक्षण, तटीय निगरानी और पर्यावरण अनुसंधान के लिए एक स्केलेबल, लागत प्रभावी समाधान है।

## सहयोग:

आईपीटीआईएफ ने 18 से 22 फरवरी 2025 तक ग्रिड में पीवी एकीकरण: मॉडलिंग, विश्लेषण और नियंत्रण पर उन्नत स्तर का अल्पकालिक ऑनलाइन पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। इंपीरियल कॉलेज लंदन के प्रोफेसर बिकाश पाल (एफआईईईई) के नेतृत्व में, पाठ्यक्रम ने पीवी-ग्रिड एकीकरण में वैश्विक दृष्टिकोण और व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इसमें उद्योग विशेषज्ञों, संकाय, छात्रों और अनुसंधानकर्ताओं सहित विश्वभर के 57 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



## कौशल विकास:

आईपीटीआईएफ ने पीएमए एसएएफआई एचआर इंस्टीट्यूट, मलप्पुरम, केरल में आईआईटी पलक्कड़ के वरिष्ठ परियोजना इंजीनियर श्री लोमिन जॉय के नेतृत्व में कार्यनीतिक प्रभाव के लिए डेटा एनालिटिक्स पर तीन दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इसमें 50 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और सफलतापूर्वक समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

बिट्स पिलानी

## बिट्स बायोसाइटीएच फाउंडेशन, बिट्स पिलानी

### हब विहंगावलोकन

बिट्स बायोसाइटीएच फाउंडेशन बिट्स पिलानी की एक सेक्शन-8 कंपनी है, जिसका उद्देश्य स्टार्टअप्स और उद्यमियों को सलाह और सहयोग कर बायो-सीपीएस में अनुसंधान, नवोन्मेष, कौशल विकास और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है तथा उद्योग शिक्षा जगत के साथ सहयोग करके अत्याधुनिक अनुसंधान करना और स्वास्थ्य सेवा, कृषि, जल और पर्यावरण के क्षेत्रों में सस्ता उत्पाद प्रदान करना है।

### परियोजना अद्यतन

वर्तमान में क्रियान्वित टूथ-कलर्ड एल्युमिना डेंटल ब्रेसेज का विकास एक प्रमुख परियोजना है। इस परियोजना ने सफलतापूर्वक पर्यावरण के अनुकूल एल्युमिना फीडस्टॉक और अनुकूलित माइक्रो सिरेमिक इंजेक्शन मोल्डिंग (μ-CIM) मापदंडों को तैयार किया है। इसने वाणिज्यीकरण के लिए एस और एस एडवांस सिरेमिक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ औद्योगिक सहयोग भी आकृष्ट किया है जिसके लिए दो पेटेंट तैयार किए जा रहे हैं।



Image: Tooth-Colored Alumina Dental Braces



Image: Training programs to enhance skills

### कौशल विकास एवं परिनियोजन:

टीआईएस उभरती हुई प्रौद्योगिकियों में कौशल बढ़ाने और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यशालाएँ और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। इस पहल के रूप में, और सेलिंक के सहयोग से, टीआईएच ने 18 मार्च, 2025 को बिट्स पिलानी, हैदराबाद परिसर में एक 3डी बायोप्रिंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला ने प्रतिभागियों को बायोप्रिंटिंग अनुप्रयोगों में गहन, व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया, विशेष रूप से ऊतक इंजीनियरिंग और औषधि विकास पर ध्यान केंद्रित किया। शिक्षाजगत और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने बायोप्रिंटिंग प्रौद्योगिकियों में नवीनतम प्रगति के बारे में जानकारी साझा की जिससे प्रतिभागियों को इसके वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों की व्यापक समझ मिली। इस कार्यक्रम ने अंत:विषय सहयोग को प्रोत्साहित करने और बायोमेडिकल नवोन्मेष में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य किया।

### कौशल विकास अनुसंधान एवं नवोन्मेष में महिलाओं का योगदान:

टीआईएच विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं को सक्रिय रूप से सहायता प्रदान करता है जिसमें संकाय, पोस्टडॉक्टरेट, पीएचडी और मास्टर स्तर की 22 महिला अनुसंधानकर्ता विभिन्न परियोजनाओं में योगदान दे रही हैं। ये अनुसंधानकर्ता स्वास्थ्य सेवा, नैदानिकी और संधारणीय प्रौद्योगिकियों में नवोन्मेषों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फाउंडेशन ने स्टेम में महिलाओं की उद्यमशीलता क्षमता को प्रदर्शित करते हुए महिलाओं के नेतृत्व वाले आठ स्टार्टअप भी शुरू किए हैं।

आईआईआईटी बैंगलोर

IIITB COMET FOUNDATION

# आईआईआईटीबी कॉमेट फाउंडेशन

## हब विहंगावलोकन:

आईआईआईटीबी कॉमेटफाउंडेशन की स्थापना अगली पीढ़ी की संचार प्रणालियों में नवोन्मेषों का नेतृत्व करने, 5जी संचार को सशक्त बनाने हेतु स्वदेशी रूप से प्रौद्योगिकियों का विकास करने, लोगों, व्यवसायों और उद्योगों को निर्बाध रूप से जोड़ने की महत्वपूर्ण मांग को पूरा करने और 6जी नेटवर्क की नींव रखने के लिए की गई है। आईआईआईटीबी कॉमेट फाउंडेशन शुरुआत में 5जी मौलिक अवसंरचना के साथ-साथ औद्योगिक आईओटी, ई-हेल्थ, शिक्षा, ऑटोमोटिव वी2एक्स, एआई/एमएल और एआर/वीआर जैसे 5जी अनुप्रयोगों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## परियोजना अद्यतन:

टीआईएच द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं ने रीकॉन्फ़िगरेबल इंटेलिजेंट सरफ़ेस (आरआईएस) टाइलों के तीन प्रकारों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जिन्हें बिलकुल नए सिरे से अभिकल्पित और निर्मित किया गया था। इन टाइलों का आंकलन मानकों के अनुरूप परीक्षण स्थल पर किया गया, जो आरआईएस प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


Image: Variants of Reconfigurable Intelligent Surfaces (RIS) tiles

## कौशल विकास:

टीआईएच ने दिनांक 17 मार्च, 2025 को टीएसडीएसआई के साथ तकनीकी सहयोग और भारत 6जी एलायंस की सहायता से आरआईएस प्रौद्योगिकी पर कार्यशाला का आयोजन किया। देश भर से 25 से अधिक वक्ताओं के साथ, कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। वक्ता और प्रतिभागी शिक्षाजगत, सरकारी संगठनों और उद्योग जगत से थे। टीआईएच ने आईआईआईटीबी कॉमेट फाउंडेशन के माध्यम से आईआईआईटीबी परिसर में फरवरी 2025 में फ्यूचर वायरलेस कम्युनिकेशन (एफडब्ल्यूसी) पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया। पाठ्यक्रम को 8 महीने की अवधि में तीन मॉड्यूल में तैयार किया गया है, जिसमें डिजिटल एम्बेडेड सिस्टम डिज़ाइन और 5जी मानकों जैसे प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है जिसका उद्देश्य अगली पीढ़ी की वायरलेस प्रौद्योगिकियों के लिए कुशल प्रतिभा को तैयार करना है।


Image: Course on Future Wireless Communication (FWC)


Image: workshop

## सहयोग:

टीआईएच उद्योग भागीदारों के साथ सहयोग के अवसरों का विस्तार कर रहा है। तेजस नेटवर्क्स आरआईएस प्रौद्योगिकी को विकसित करने और उसका वाणिज्यीकरण करने हेतु मास्टर अनुसंधान करार पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में है, जबकि निरल नेटवर्क्स ने भावी वायरलेस संचार प्रौद्योगिकियों के संयुक्त विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

## अनुसंधान एवं नवोन्मेष में महिलाओं का योगदान:

टीआईएच ने कॉमेट 5जी स्प्रिंगबोर्ड इवेंट के रूप में स्टोनसूप को शामिल किया है जो पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित स्टार्टअप है, जहाँ इसे प्रौद्योगिकी और व्यावसायिक दोनों तरह का सहयोग मिलेगा। इसके अलावा, 17 मार्च, 2025 को आयोजित आरआईएस कार्यशाला के दौरान, तीन महिला अनुसंधानकर्ताओं - स्मृति कुमार, शुभिका मिश्रा और अंजना, सभी पीएचडी स्कॉलर - ने आईआईआईटी बैंगलोर में कॉमेट आरआईएस टेस्टबेड प्रस्तुत करके सक्रिय रूप से योगदान दिया जिससे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकास में महिलाओं की प्रभावशाली भागीदारी का प्रदर्शन हुआ।

# आई-हब एनटीआईएचएसी फाउंडेशन (सी3आईहब)

## हब विहंगावलोकन:

सी3आईहब (साइबर सुरक्षा और साइबर-भौतिक प्रणालियों के लिए साइबर सुरक्षा नवोन्मेष हब) साइबर-भौतिक प्रणालियों के साइबर सुरक्षा मुद्दों का समाधान करता है और सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकियां तैयार करता है। सी3आईहब: महत्वपूर्ण मौलिक अवसंरचना-सुरक्षा, यूएवी-सुरक्षा, टैम्पर-प्रूफ डेटा भंडारण और साइबर अपराध की रोकथाम, और संबंधित क्षैतिज परतें: हार्डवेयर सुरक्षा, नेटवर्क सुरक्षा, फ़र्मवेयर सुरक्षा, आदि वर्टिकल पर ध्यान केंद्रित करता है।

## परियोजना अद्यतन:

हालिया प्रगतियों में आईपीए के तहत प्रमुख बंदरगाहों पर सुरक्षा ऑडिट और एसओसी स्थापना का दूसरा चरण, आईआईटी कानपुर में प्रवेश-निकास प्रबंधन के लिए ब्लॉकचेन आधारित एसएसआई कर्मचारी आईडी कार्ड की शुरुआत और एमओपी, एनआईसी, एचक्यूसी लखनऊ और गृह मंत्रालय के साइबर कमांडो के लिए साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, साइबर सुरक्षा में नवोन्मेष को प्रदर्शित करते हुए एक हैकाथन ने उत्पाद और स्टार्ट-अप ट्रैक में 7,000 से अधिक प्रतिभागियों को आकृष्ट किया।




Image : SSI based Certificate for Aircraft Military

## कौशल विकास:

आईआईटी कानपुर के सी3आईहब द्वारा आयोजित फ्लैगशिप ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी हैकथॉन हैकआईआईटीके 2025 ने 7,000 से अधिक प्रतिभागियों को आईटी सुरक्षा, वेब3 सुरक्षा, एआई/एमएल सुरक्षा और सॉल्यूशन तथा स्टार्टअप ट्रैक्स में वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करते देखा। उद्योग जगत की दिग्गज कंपनियों जैसे बीईएल, एडब्ल्यूएस और सीमेंस द्वारा सहायित इस कार्यक्रम में अत्याधुनिक नवोन्मेषों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें आईआईटी कानपुर के परिसर के लिए ब्लॉकचेन-आधारित एसएसआई सिस्टम और सैन्य विमान प्रमाणन शामिल थे। हैकाथन का समापन 30 लाख रुपये के अहम पुरस्कारों के साथ हुआ और साइबरसिक्योरिटी नवोन्मेष में भारत की बढ़ती प्रमुखता पर प्रकाश डाला गया।

## अनुसंधान एवं नवोन्मेष में महिलाओं का योगदान:

टीआईएच इंजीनियरिंग और अनुसंधान में महिलाओं के एक विविध समूह का सहायित करता है। इसमें 30 महिला इंजीनियर और अनुसंधान इंजीनियर, स्पोक और स्पाइक पहल के तहत महिला प्रमुख अन्वेषकों द्वारा संचालित 11 परियोजनाएं तथा अनुसंधान विद्वान, स्नातक और प्रशिक्षु के रूप में 38 महिलाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, यह नवोन्मेष और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं द्वारा स्थापित तीन स्टार्ट-अप को सहायित करता है।

आईआईटी मद्रास

## आईआईटीएम प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन

### हब विहंगावलोकन:

आईआईटीएम प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन आईआईटी मद्रास का प्रौद्योगिकी नवोन्मेष केंद्र (टीआईएच) है। आईआईटीएम प्रवर्तक व्यापक और अनुप्रयोग-उन्मुख अनुसंधान के माध्यम से एसएनएसीएस में नए ज्ञान/प्रयोगों पर ध्यान केंद्रित करता है और युवा भारत को विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकियों की अगली पीढ़ी के लिए तैयार करने में प्रसन्नता महसूस करता है। आईआईटीएम प्रवर्तक स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, शिक्षा, अवसंरचना और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए लक्षित प्रशिक्षण सहित कौशल विकास जैसे राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में योगदान देता है।

### परियोजना अद्यतन:



आईआईटीएम प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन द्वारा इनक्यूबेट किए गए डेटाकॉर्प इंजीनियरिंग इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड ने छोटे किसानों के सशक्तीकरण हेतु कृषि, रोबोटिक्स और एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर में अभिनव उत्पाद विकसित किए हैं। स्टार्टअप ने कॉम्पैक्ट डी-वीडिंग टूल से शुरुआत करते हुए अर्ध- और पूर्ण रूप से स्वायत्त कृषि उपकरण बनाने में विशेषज्ञता हासिल की है और बीज बोने, रोपण, खाद डालने और कटाई के लिए मशीनों में विस्तार करने की योजना बनाई है। इसने लागत प्रभावी, उच्च प्रदर्शन वाली कृषि प्रौद्योगिकियों के माध्यम से कृषि उत्पादकता को बढ़ाया है, श्रम लागत को कम किया है और संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित किया है।

### कौशल विकास:

आईआईटीएम प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन और इकोले नेशनले डे ल'एविएशन सिविले (ईएनएसी) द्वारा एयरबस के सहयोग से संयुक्त रूप से पेश किए गए एविएशन सेफ्टी मैनेजमेंट (एएसएम) में एडवांस्ड मास्टर प्रोग्राम ने एविएशन पेशेवरों को कुशल एविएशन सेफ्टी मैनेजर बनने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया है। 12 मॉड्यूल और 6 महीने के अनुसंधान प्रबंध वाले इस 24 महीने के हाइब्रिड प्रोग्राम में आवश्यकतानुसार शिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए व्यक्तिगत कार्यशालाओं और ऑनलाइन सत्रों को शामिल किया गया है। प्रतिभागियों ने सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस), जोखिम आंकलन, विनियामक अनुपालन, राज्य सुरक्षा कार्यक्रम और हितधारक जुड़ाव में विशेषज्ञता हासिल की है, जबकि ईएनएसी के वैश्विक परिप्रेक्ष्य ने उद्योग की प्रासंगिकता को बढ़ाया है। स्नातकों ने विमानन सुरक्षा जोखिमों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने, अनुपालन सुनिश्चित करने और दुनिया भर में सुरक्षित विमानन प्रचालन को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक कौशल हासिल किए हैं।



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
DEPARTMENT OF
SCIENCE & TECHNOLOGY

NATIONAL MISSION ON INTERDISCIPLINARY CYBER-PHYSICAL SYSTEMS (NM-ICPS)

आईआईटी रुड़की

# दिव्यसम्पर्क आई-हब रुड़की फॉर डिवाइसेज मैटेरियल्स एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन

## हब विहंगावलोकन:

आईआईटी रुड़की में आई-हब दिव्यसंपर्क एक प्रौद्योगिकी नवोन्मेष केंद्र है जिसका उद्देश्य सीपीएस में अभिनव पारितंत्र को सक्षम करना और अंतरण संबंधी अनुसंधान को बढ़ावा देना, मुख्य दक्षताओं को बढ़ाना, क्षमता वर्धन, राष्ट्रीय कार्यनीतिक क्षेत्रों के लिए उत्पाद प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण देकर डिजिटल प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और सेवाओं को नेक्स्ट जनरेशन के लिए स्रोत और 'डिजिटल इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' में प्रमुख योगदानकर्ता बनना है। हब एक नेटवर्क प्लेटफॉर्म के रूप में काम कर रहा है, जो अनुसंधानकर्ताओं, उद्योग, स्टार्टअप, नीति निर्माताओं, निवेशकों (एंजेल, वीसी, पीई) जैसे विभिन्न हितधारकों के बीच कुशन के रूप में कार्य कर रहा है और नवोन्मेष की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए वैश्विक साझेदारी के रास्ता खोल रहा है।

## स्टार्टअप अद्यतन:

टीआईएच द्वारा सहायित एक स्टार्ट-अप बिहेव न्यू ने युवा मस्तिष्क में ध्यान, स्मृति और रचनात्मकता को बढ़ाने हेतु तंत्रिका विज्ञान, प्रौद्योगिकी और गेमिफिकेशन को एकीकृत करके सीखने में क्रांति ला दी है। उन्नत ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफ़ेस (बीसीआई) गेम के माध्यम से, इसने सीखने को आकर्षक और प्रभावशाली बना दिया है। बिहेव न्यू ने सीईएस में शार्क टैंक यूएसए सीज़न 17 के लिए प्रस्तुति दी है।




## कौशल विकास:




स्पोक हब "आई-हब शिवालिक" ने शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, देहरादून में सेंटर ऑफ बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन (सीबीआईआई) की स्थापना की है। इस कार्यक्रम में भारत के पूर्व राष्ट्रपति माननीय श्री राम नाथ कोविंद जी और उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री श्री धन सिंह रावत जी ने भाग लिया। इस अत्याधुनिक लैब ने अभूतपूर्व नवोन्मेष और अनुसंधान को बढ़ावा दिया है, जिसमें परिशुद्धता-प्रचालित प्रोटोटाइपिंग के लिए लेजर कटिंग ज़ोन, फैब्रिकेशन को आगे बढ़ाने के लिए पीसीबी प्रिंटिंग ज़ोन, 3डी प्रिंटिंग ज़ोन और बहुत कुछ शामिल है। इसने डीप-टेक इनोवेशन, उद्यमिता और तकनीकी उत्कृष्टता की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाई है।

## सहयोग:

डीटाउन रोबोटिक्स प्राइवेट लिमिटेड रोबोटिक्स, ड्रोन और प्रौद्योगिकी के साथ भविष्य में क्रांति लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तराखंड पुलिस ड्रोन टीम के सहयोग से विकसित इसका 'मौली रोबोट' राष्ट्रीय खेल पदक समारोह में अत्याधिक मोड़ लाकर चर्चा का विषय बन गया है।



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
DEPARTMENT OF SCIENCE & TECHNOLOGY

NATIONAL MISSION ON INTERDISCIPLINARY CYBER-PHYSICAL SYSTEMS (NM-ICPS)

**आईआईटी रोपड़**

AWaDH Agriculture and Water Technology Development Hub

## आईआईटी रोपड़ टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन

### हब विहंगावलोकन:

आई-हब – अवध (AWaDH) का लक्ष्य पर्यावरण की दृष्टि से संधारणीय और लाभदायक कृषि, सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन और जैव विविधता के संरक्षण के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करना है। इसका उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, उर्वरक, परमाणु ऊर्जा आदि में सीपीएस की तैनाती के माध्यम से कृषि और जल संबंधी मुद्दों के लिए प्रौद्योगिकी उत्पाद प्रदान करना है।

### परियोजना अद्यतन:

टीआईएच ने प्रगति शिखर सम्मेलन 2025 का आयोजन किया, जो उद्यमिता, डीप-टेक नवोन्मेष और पारितंत्र विकास को बढ़ावा देने में प्रमुख पहल साबित हुआ। शिखर सम्मेलन ने अनुदान के रूप में ₹2.6 करोड़, आइडियाथॉन के माध्यम से ₹60 लाख और स्वच्छता और जल कार्रवाई के लिए मानवता (स्वच्छ) स्टार्टअप के लिए ₹1.3 करोड़ से अधिक की राशि जुटाई। प्रमुख लॉन्च में जेनेसिस स्टार्टअप अनुदान, द्रोणगिरी GIA और एक लघु फार्महोल्डिंग सर्वेक्षण रिपोर्ट शामिल हैं। सीपीएस सहयोग को सुदृढ़ करते हुए, इस तिमाही ने महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए वाइज़ फंड (₹2 करोड़+), ₹1 करोड़ की एआई-संचालित वाटर लैब, राष्ट्रव्यापी स्प्रिंट संस्करण और प्रगति एक्सेलेरेटर जैसी आगामी पहलों के लिए आधार तैयार किया, जिससे प्रभावशाली नवोन्मेष को और बढ़ावा मिला।




टीआईएच सहायित स्टार्टअप अनिमेटा मोबाइल ऐप और व्हाट्सएप के माध्यम से सुलभ एआई-संचालित रोग निदान चैटबॉट के माध्यम से किफायती, एंटीबायोटिक-मुक्त पशु स्वास्थ्य सेवा में क्रांति ला रहा है। आईआईटी रोपड़ और अवध (AWaDH) के सहयोग से, यह तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पंजाब और उत्तर प्रदेश के 2 लाख से अधिक किसानों तक पहुँच चुका है, जिससे पशु चिकित्सा लागत में ₹100 करोड़ से अधिक की बचत हुई है। नेस्ले, लैक्टालिस इंडिया और एनडीडीबी की दूध उत्पादक कंपनियों के साथ साझेदारी में और सोशल अल्फा और बेंजाई10 के सहयोग से, अनिमेटा दूध की गुणवत्ता, किसानों की आजीविका में सुधार कर रहा है और इसने भारत एग्रीप्रेन्योर अवार्ड 2024 जीता है।

### नियोजन



डॉ. नीलकंठ निर्मलकर (आईआईटी रोपड़-टीआईएफ अवध (AWaDH) द्वारा अवध (AWaDH) में विकसित नैनोएक्वा नैनोबबल जेनरेटर, भारत का पहला संधारणीय, रसायन मुक्त जल उपचार उत्पाद है, जो अब टीआरएल-9 पर है। यह अभिनव प्रणाली ऑक्सीजनेशन को बढ़ाती है, कार्बनिक तलछट को कम करती है, और झीलों, तालाबों, मत्स्यपालन और औद्योगिक स्थलों में पानी की गुणवत्ता में सुधार करती है। 10 से अधिक स्थानों पर तैनात, इसमें रंग सागर झील (उदयपुर) और फूल कलां (पंजाब) में पायलट इंस्टॉलेशन शामिल हैं, साथ ही सात अतिरिक्त स्थानों पर सफल स्व-वित्तपोषित कार्यान्वयन भी शामिल हैं। टीआईएच ने दो शैक्षणिक संस्थानों और एक उद्योग संस्थान में अवध (AWaDH) सीपीएस प्रयोगशाला की स्थापना की। इनमें आईआईआईटी ऊना, हिमाचल प्रदेश, आईआईएलएम विश्वविद्यालय, नोएडा, उत्तर प्रदेश तथा सीआईसीयू (चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स) के सहयोग से लुधियाना, पंजाब में स्थापित उनका पहला उद्योग शामिल है। इसके अतिरिक्त, टीआईएच ने देहरादून के तुला स्कूल में अपनी पहली अवध (AWaDH) टिंकरिंग प्रयोगशाला की स्थापना की।

### अनुसंधान एवं नवोन्मेष में महिलाओं का योगदान:

अवध (AWaDH) में महिलाएँ प्रौद्योगिकी विकास, उद्यमिता और अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, सीपीएस, कृषि और जल प्रौद्योगिकी में गहन प्रौद्योगिकी नवोन्मेषों को आगे बढ़ा रही हैं। प्रौद्योगिकी विकास में, 5 महिला अनुसंधानकर्ता प्रभावशाली परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल हैं। कुल 53 महिला उद्यमियों को उनके स्टार्टअप को आगे बढ़ाने के लिए सहायता प्रदान की गई है, जबकि 56 महिला अनुसंधानकर्ताओं को उनके काम को आगे बढ़ाने के लिए अध्येतावृत्ति से लाभ हुआ है। मेंटरशिप, प्रशिक्षण और अनुसंधान के अवसरों के माध्यम से, आई-हब – अवध (AWaDH) महिलाओं को गहन प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अत्याधुनिक नवोन्मेषों और परिवर्तनकारी उत्पादों का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बना रहा है।

**आईआईटी (आईएसएम) धनबाद**

TEXMiN IIT (ISM)

# अन्वेषण एवं खनन में प्रौद्योगिकी नवाचार फाउंडेशन (टेक्समिन))

## हब विहंगावलोकन

अन्वेषण एवं खनन में प्रौद्योगिकी नवाचार (टेक्समिन), खनन प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र की स्थापना भारत सरकार द्वारा आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में राष्ट्रीय अंतःविषयक साइबर-भौतिक प्रणाली मिशन (एनएम-आईसीपीएस) के अंतर्गत की गई है, जिसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी विकास, क्षमता निर्माण, नवाचार को बढ़ावा देना और खनन क्षेत्र में स्टार्टअप इको-सिस्टम को बढ़ावा देना है, ताकि 3एस खनन लक्ष्य (सुरक्षित, स्मार्ट और सतत खनन जिससे खनन 4.0 की ओर अग्रसर हो सके) को प्राप्त किया जा सके।

## परियोजना अद्यतन

टेक्समिन ने 2025 की शुरुआत एक बड़ी उपलब्धि के साथ की, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा आयोजित जीएसआई हैकथॉन 2024 में तीसरा स्थान हासिल किया। "इनोवेटिव मिनरल हंट टेक्निक्स" पर केंद्रित इस कार्यक्रम में खनिज संभावना मानचित्रण के लिए एआई/एमएल, भूभौतिकीय डेटा और मल्टी-डेटासेट एकीकरण का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। झारखंड में चल रहे काम के आधार पर टेक्समिन के उत्पाद ने दक्षिणी राजस्थान में 14,780 वर्ग किलोमीटर में भू-स्थानिक डेटा का विश्लेषण किया। पुरस्कार की घोषणा 19 जनवरी, 2025 को 64वीं सीजीपीबी बैठक के दौरान की गई, जिसमें खान मंत्रालय और जीएसआई के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। श्री वी.एल. कांथा राव ने प्रोफेसर पार्थ प्रतिम मंडल के नेतृत्व में माइनिंग 4.0 में टेक्समिन के नवाचार की प्रशंसा करते हुए पुरस्कार प्रदान किया।


THE ECONOMIC TIMES | SME
English Edition ▾ | 17 April, 2025, 10:13 AM IST | Today's ePaper

TEXMiN secures third place at GSI Hackathon 2024 for innovative mineral hunt techniques using AI

ET Online Last Updated: Jan 27, 2025, 12:34:00 PM IST

Synopsis
The team worked on mineral prospectivity mapping in Jharkhand, utilizing diverse geospatial datasets.

The TEXMiN team participated in its ongoing project on mineral prospectivity mapping of Jharkhand and surrounding regions using AI/ML techniques.

TEXMiN, IIT (ISM) Dhanbad has announced its achievement of securing third place in the Hackathon 2024 organized by the Geological Survey of India (GSI). The hackathon, focused on "Innovative Mineral Hunt Techniques for Mineral Prospectivity Mapping," served as a platform for generating groundbreaking solutions in mineral exploration through advanced geophysical data interpretation, multi-dataset integration, and AI/ML applications.

The TEXMiN team participated in its ongoing project on mineral prospectivity mapping of Jharkhand and surrounding regions using AI/ML techniques. Utilizing geospatial data provided by GSI and the Ministry of Mines via the National Geoscience Data Repository (NGDR), the team worked on diverse datasets, including geological, geophysical, geochemical, and remote sensing information. This data spanned a challenging 14,780 sq. km area in the southern part of Rajasthan.






## सहयोग

टेक्समिन को यूकेइंडिया उच्च-स्तरीय अंतर-सरकारी नीति गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ, यह सम्मेलन महत्वपूर्ण खनिजों पर एक महत्वपूर्ण मंच है और भावी खनिज अन्वेषण और सततता को आकार देता है। चर्चा में भारत के राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन, नीतिगत कमियों और लचीली, सहयोगी आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए कार्य नीतियों को शामिल किया गया। हम सभी हितधारकों को उनकी अंतर्दृष्टि के लिए धन्यवाद देते हैं, जो खनन 4.0 को अपनाने में तेजी लाने के लिए टेक्समिन के मिशन को और सशक्त बनाएगा।

टेक्समिन ने आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के साथ मिलकर उद्योग-संस्थान संपर्क 2025 (III-2025) कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें स्मार्ट खनन, सीपीएस, महत्वपूर्ण खनिजों और सतत ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित किया गया। मुख्य परिणामों के रूप में, टेक्समिन को एमओआईएल से कार्य आदेश मिला, दीपक फर्टिलाइजर्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और खनन सीपीएस सीओई स्थापित करने के लिए बीआईटी सिंदरी, आईआईईएसटी शिबपुर, एनआईटी राउरकेला और वीएनआईटी नागपुर के साथ भागीदारी की।

## अनुसंधान एवं नवाचार में महिलाओं का योगदान:

महिलाओं ने टीआईएच के विकास और नवाचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हब में वर्तमान में विभिन्न क्षमताओं में 17 महिला शोधकर्ता कार्यरत हैं, जिनमें स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर पर प्रोजेक्ट अन्वेषक, सहयोगी, सहायक और फेलो शामिल हैं। उल्लेखनीय रूप से, तीन महिला पीआई या सह-पीआई के रूप में महत्वपूर्ण शोध पहलों का नेतृत्व कर रही हैं। इसके अतिरिक्त, चार महिला कर्मचारी और परामर्शदाता टेक्समिन में मुख्य परिचालन और कार्य नीतिक कार्यों में सहयोग कर रही हैं।

आईआईआईटी हैदराबाद

HUBDATA IIIT HYDERABAD

# आईआईआईटी-एचडाटा आई-हब फाउंडेशन

## हब विहंगावलोकन

आईआईआईटी-एच  डेटा आई- हब फाउंडेशन (आई हब) राष्ट्रीय अनुसंधान को बढ़ाने और डेटा बैंकों, डेटा सेवाओं, डेटा विश्लेषण में समाधानों के परिनियोजन हेतु समर्पित है। हब का उद्देश्य बड़े पैमाने पर डेटासेट को एक साथ रखना और अनुप्रयुक्त अनुसंधान के माध्यम से ऐसे डेटासेट के आधार पर उत्पाद विकसित करना है। अनुसंधान मुख्य रूप से समाज की बेहतरी के लिए उच्चतम वैश्विक शैक्षणिक मानकों को बनाने की दिशा में केंद्रित है।

## परियोजना अद्यतन




टीआईएच ने जनवरी 2025 में India-data.org लॉन्च किया। यह एक एकीकृत पारितंत्र है जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) में डेटासेट शेयरिंग और मॉडल प्रकाशन को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। पूरी तरह से ओपन-सोर्स तकनीकों पर निर्मित, यह प्लेटफ़ॉर्म डेटासेट भंडारण, विश्लेषणात्मक उपकरण और एआई/एमएल चुनौती प्लेटफ़ॉर्म को एक साथ लाता है ताकि मज़बूत शोध और विकास को सहायित किया जा सके। 1.6 पेटाबाइट भंडारण और 96 जीपीयू क्लस्टर के साथ, यह बड़े डेटासेट और जटिल संगणनाओं हेतु आवश्यक बुनियादी ढाँचा प्रदान करता है। भारत-विशिष्ट डेटासेट तक सहज पहुँच और शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं और उद्योग प्रमुखों के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर, India-data.org विभिन्न क्षेत्रों में अंतरण संबंधी प्रभाव डालता है।

## सहयोग

टीआईएच ने कई प्रमुख संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिनमें टेकीज़ टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जियोविस्टा, एचडीएफसी परिवर्तन, फिएक्रे टेलीमेटिक्स, एसआरके इंजीनियरिंग कॉलेज, स्पर्श कम्युनिकेशंस और नेवियर मिशन प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं, जो डेटा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## कौशल विकास

टीआईएच ने 9 मार्च, 2025 को अनुसंधान के उत्साह पर 13वीं कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें छात्रों को प्रतिष्ठित संकाय द्वारा मुख्य भाषण, इंटरैक्टिव शोध प्रस्तुतियों और उद्योग में अनुसंधान की भूमिका पर चर्चा के माध्यम से आईआईआईटीएच के जीवंत अनुसंधान पारितंत्र से जुड़ने का अवसर प्रदान किया गया।

टीआईएच ने भारत में ड्राइविंग व्यवहार में सुधार पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया, जिसमें उद्योग, सार्वजनिक क्षेत्र, आईएनएआई और आई हब-डाटा के विशेषज्ञ शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्री जोएल डेविस, आईपीएस  (संयुक्त पुलिस आयुक्त, साइबराबाद) ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे वास्तविक समय की निगरानी और प्रौद्योगिकी-संचालित कार्य नीतियों का उपयोग यातायात की भीड़ को कम करने और ड्राइविंग व्यवहार को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है।



**आईआईटी भिलाई**

## आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन

### हब विहंगावलोकन

आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन (आईबीआईटीएफ) फिनटेक क्षेत्र में काम करता है, जो ब्लॉकचेन, आईओटी, एआई/एमएल और ईपेमेंट जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाते हुए प्रभावशाली समाधानों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसमें इन प्रौद्योगिकियों को कृषि और मेडिटेक क्षेत्रों में लागू करने पर मुख्य बल दिया जाता है।

### परियोजना अद्यतन

भूमिकोल्ड, भूमिकैम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित एक अग्रणी डिजिटल उत्पाद है, जो भारत में कोल्ड स्टोरेज गोदामों में आलू, प्याज और मौसमी सब्जियों जैसे जल्दी खराब होने वाले कृषि उत्पादों के प्रबंधन के तरीके को बदलने के लिए है। यह साएस-आधारित प्लेटफ़ॉर्म किसानों को जोड़ने से लेकर इन्वेंट्री ट्रैकिंग तक के एंड-टू-एंड प्रचालन को कारगर बनाने के लिए बनाया गया है, जिससे दक्षता, पारदर्शिता और वित्तीय समावेशन सुनिश्चित होता है। भूमिकोल्ड की एक प्रमुख विशेषता इसका व्हाट्सएप-आधारित किसान संचार प्रणाली है, जिसमें शामिल हैं:

·भंडारण का मौसम शुरू होने से पहले वास्तविक समय में स्थान की उपलब्धता की जानकारी साझा करता है।

·प्रवेश की पुष्टि, भुगतान रसीदें और ऋण लिंकेज अलर्ट सीधे किसानों को स्थानीय भाषाओं में भेजता है, जिससे वित्तीय साक्षरता और समय पर निर्णय लेने में सहायता मिलती है।

### परिनियोजन

भूमिकैम कोल्ड स्टोरेज प्रबंधन सॉफ्टवेयर कन्नौज उत्तर प्रदेश कोल्ड स्टोरेज यूनिट में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। 2000 से अधिक किसानों (पायलट साइट: श्री देवकी नामदान त्रिपाठी कोल्ड स्टोरेज, कन्नौज, यूपी) के सशक्तिकरण और कृषि व्यवसायों और ऋण देने वाली संस्थाओं को सहायित करके, भूमिकोल्ड भारत के कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक स्केलेबल, तकनीक-सक्षम आधार तैयार कर रहा है।

### सहयोग

उद्योग सम्मेलन - विजन विकसित भारत 2047 में सरकार, उद्योग और शिक्षा जगत के प्रमुख हितधारकों ने छत्तीसगढ़ में औद्योगिक और तकनीकी विकास के भविष्य पर चर्चा की, जो कि विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप है। इस कार्यक्रम में चार पैनल चर्चाएँ हुईं, जो छत्तीसगढ़ @2047 - भविष्य के लिए तैयार औद्योगिक पारितंत्र के निर्माण पर केंद्रित थीं। "हेल्थटेक, एग्रीटेक और फिनटेक फॉर द लास्ट माइल" पर विशेष जोर दिया गया।





इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, जिन्होंने औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन किया और दर्शकों को संबोधित किया। अपने भाषण में उन्होंने औद्योगिक और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, नवाचार को बढ़ावा देने और एक औद्योगिक पावर हाउस के रूप में छत्तीसगढ़ की स्थिति को मजबूत करने में आईआईटी भिलाई की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

### अनुसंधान एवं नवाचार में महिलाओं का योगदान

आईआईटी भिलाई में टीआईएच गहन तकनीक अनुसंधान, नवाचार और नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करके समावेशी उत्कृष्टता को सतत बढ़ावा देता है। अब तक, यूजी, पीजी, पीएचडी और पोस्ट-डॉक्टरल स्तरों पर 39 महिला शोधकर्ता फेलोशिप के माध्यम से सहायित ट्रांसलेशनल परियोजनाओं में कार्यरत हैं। इसके अलावा, 31 महिला संकाय सदस्य और शोधकर्ता वित्त पोषित अनुसंधान पहलों में प्रमुख अन्वेषक या सह-अन्वेषक के रूप में काम कर रही हैं। इन योगदानों के परिणामस्वरूप पाँच महिला संचालित स्टार्टअप्स इंक्यूबेशन हुआ है, जिन्होंने ब्लॉकचेन अनुप्रयोगों, दूरदराज के क्षेत्रों के लिए मोबाइल स्वास्थ्य, स्मार्ट कार्यबल प्रबंधन और स्वदेशी भाषा प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में सफल तकनीकों का विकास किया है—जो कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी नेतृत्व में महिलाओं के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

# आई-डीएपीटी-हब फ़ाउंडेशन

## हब विहंगावलोकन

आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी में आई-डीएपीटी हब फाउंडेशन की स्थापना अंत:विषयक डेटा एनालिटिक्स और प्रेडिक्टिव टेक्नोलॉजीज (आई-डीएपीटी) के क्षेत्र में देश की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की गई थी। आई-डीएपीटी हब फाउंडेशन का उद्देश्य डेटा एनालिटिक्स और प्रेडिक्टिव टेक्नोलॉजी की अंत:विषयक प्रकृति का उपयोग करके सामाजिक-तकनीकी प्रणालियों और मौजूदा सेवाओं के आधुनिकीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करना है, जिसमें परिवर्तनकारी कारी नवाचार और नए उत्पादों, प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकियों का आविष्कार किया जाता है। आईआईटी (बीएचयू) में आई-डीएपीटी हब फाउंडेशन वर्तमान में पाँच महत्वपूर्ण क्षेत्रों यानी दूरसंचार, बिजली, सड़क परिवहन और राजमार्ग, रक्षा अनुसंधान और विकास, और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत है।

## परियोजना और स्टार्टअप अद्यतन




टीआईएच ने जैविक नमूनों की इमेजिंग में पारंपरिक ऑप्टिकल सेंसर से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए एक नया लर्निंग असिस्टेड फेज़ सेंसर विकसित किया है। यह क्वांटिटेटिव फेज़ इमेजिंग (क्यूपीआई) डिवाइस सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारियों के निदान के लिए आवश्यक जीवित कोशिकाओं में लेबल-मुक्त, 3डी संरचनात्मक और जैव रासायनिक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। यादृच्छिक चरण एन्कोडिंग और मशीन लर्निंग को एकीकृत करते हुए, सेंसर तेजी से, स्वचालित ऑप्टो-बायोलॉजिकल वर्गीकरण को सक्षम बनाता है। डिजिटल होलोग्राफी पर आधारित स्वदेशी फेज सेंसर कंपन पृथक्करण की आवश्यकता को समाप्त करता है, जिससे क्षेत्र की उपयोगिता बढ़ जाती है। इस परियोजना को लाइव सेल इमेजिंग में उत्कृष्टता के लिए 3डी इमेजिंग कॉन्फ्रेंस (SPIE DCS 2024, USA) में फुमियो ओकानो पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भविष्य के लक्ष्यों में मधुमेह कोशिकाओं सहित पारदर्शी जैविक नमूनों के लिए रोग निदान को स्वचालित करना शामिल है।आईएच द्वारा सहायित स्टार्टअप, मेसर्स हिबिल्टर आईटी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड ने एचएओडबल्यूटी (एआई ऑन व्हील्स) प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च किया, जो एक उद्योग-अज्ञेय एआई सिस्टम है जो कृषि, रक्षा, दूरसंचार और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। जनरेटिव एआई द्वारा संचालित, एचएओडबल्यू मूल कारण विश्लेषण को स्वचालित करता है, प्रक्रिया अंतराल की पहचान करता है, और कार्रवाई योग्य परिचालन अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जिसके परिणामस्वरूप लागत में कमी और दक्षता में वृद्धि होती है।

## कौशल विकास



IPR Awareness Workshop

टीआईएच ने डीन आर एंड डी और आईपीआर सेल के सहयोग से 17 मार्च 2025 को आईपीआर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। आई-डीएपीटी हब फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित इस कार्यशाला में आईपी सुरक्षा, व्यावसायीकरण, पूर्व कला खोज तकनीक और वैश्विक आईपी सुरक्षा तंत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ. श्वेता शर्मा ने प्रभावी आईपी प्रबंधन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की कार्य नीतियों पर संकाय, शोधकर्ताओं और छात्रों सहित 350 से अधिक प्रतिभागियों को संबोधित किया। उपस्थित लोगों ने आईपीआर फाइलिंग प्रक्रियाओं और नवाचार सुरक्षा के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त की।

## अनुसंधान एवं नवाचार में महिलाओं का योगदान

टीआईएच समावेशी कार्यक्रमों के माध्यम से महिला शोधकर्ताओं और प्रौद्योगिकीविदों का सतत सशक्तिकरण करता है। मानव संसाधन विकास पहल के तहत, 4 कार्यशालाएँ/अल्पकालिक पाठ्यक्रम (एसटीसी)/अतिथि व्याख्यान आयोजित किए गए, जिससे 500 से अधिक प्रतिभागी लाभान्वित हुए। विषयों में उभरती हुई तकनीकों से लेकर संधारणीय नवाचार तक शामिल थे। चाणक्य फेलोशिप ने 15 स्कालर (यूजी, पीजी, पीएचडी, पोस्ट-डॉक) को सहायित किया, जिनमें से 5 महिलाएँ थीं, जो सभी आई/एमएल-आधारित शोध परियोजनाओं में लगी हुई थीं, जो तकनीक में समावेशी नवाचार और नेतृत्व को बढ़ावा दे रही थीं।

## हब विहंगावलोकन

टीआईएच का लक्ष्य एक आत्मनिर्भर आईओटी और आईओई उद्यमिता पारितंत्र बनाना, विश्वसनीय आईओटी उत्पादों के निर्माण और व्यावसायीकरण के लिए आईओटी अनुसंधान एवं विकास में प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर (टीआरएल) को बढ़ाना है। प्रौद्योगिकी विकास वर्तमान में उद्योग की जरूरतों के अनुरूप है और इसने एक विशिष्ट रूप से संरचित चार-स्तरीय आईओटी पाठ्यक्रम भी विकसित किया है।

## परियोजना और स्टार्टअप अद्यतन

